फर्द अहकाम

प्रेम देवी वगै0 बनाम छीतार वगै0

प्रार्थना पत्र संख्याः 37/2023

दिनांक	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
04.04.2024	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थीगण / वादीगण की संयुक्त खातेदारी की कृषि भूमि ग्राम ग्वांर ब्राहम्णान, पटवार हलका, खेड़ी गोकुलपुरा, भूअभि निरीक्षण क्षेत्र शिकारपुरा, तहसील सांगानेर जिला जयपुर स्थित हैं जिसके खसरा नम्बर 351 रकबा 1.28 हेक्टेयर व खसरा नम्बर 368/1051 रकबा 0.08 हेक्टेयर हैं। उक्त कृषि भूमि को प्रार्थीगण / वादीगण ने कजोड़ पुत्र श्रवण निवासी ग्वांर ब्राहम्णान, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रय किया था, तब से ही प्रार्थीगण/वादीगण उक्त कृषि भूमिपर बिना किसी बाधा के लगभग 16 वर्ष से शांतिपूर्वक काबिज काशत चले आ रहे हैं, जो राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार प्रार्थीगण/वादीगण निम्न प्रकार वर्णित है। प्रार्थीगण ने अप्रार्थी संख्या 25 तहसीलदार सांगानेर के समक्ष सीमाओं की माप के लिए धारा 111 राजस्थान भूमि राजस्व अधिनियम के तहत आवेदन किया था जिसमें श्रीमान् तहसीलदार तहसील सांगानेर द्वारा प्रार्थीगण / वादीगण की कृषि भूमि पर मौके पर सीमाज्ञान के लिए टीम भेजी। टीम ने मौका मुआयना किया जाकर प्रार्थीगण / वादीगण तथा अन्य खातेदारों की उपस्थिति में फर्द मौका रिपोर्ट तैयार कर तहसीलदार कार्यालय में दिनांक 9–3–2023 को पेश कर दी है। अप्रार्थी संख्या 24 के द्वारा सीमाज्ञान के लिए भेजी गयी टीम के द्वारा सीमाज्ञान कार्यवाही के दौरान भी अप्रार्थीगण ने व्यवधान कारित किया था तथा अपने हस्ताक्षर करने से मना कर दिया था। इसलिए माननीय न्यायालय द्वारा अप्रार्थी / प्रतिवादी संख्या 26 को प्रार्थीगण / वादीगण द्वारा सीमाओं का निर्धारण के दौरान पुलिस इमदाद दिये जाने के आदेश दिया जाना न्यायोचित है। प्रार्थीगण/वादीगण की उक्त कृषि भूमि खसरा नम्बर 351 रकबा 1.28 हेक्टेयर की सीमाओं का निर्धारण किया जाना माननीय न्यायालय के द्वारा आवश्यक रूप से न्यायोचित है। प्रार्थीगण / वादीगण के द्वारा प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन है कि प्रार्थीगण/वादीगण की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमा कर श्रीमान् न्यायालय न्याय हित में प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128, 111 राजस्थान लैण्ड अधिनियम सपठित धारा 151 सीपीसी बाबत् सीमाओं का निर्धारण, सीमाओं का माप व पुलिस इमदाद प्रदान किये जाने के आदेश प्रदान करने की कृपा करें। उपखण्ड अधिकारी जयपुर द्वितीय (सांगानेर)	

Signature Not Verified
Digitally signed by Himmat Singh
Date: 2024.05.21 15:22:26 IST
Reason: SelfAttested

प्रेम देवी वगै0 बनाम छीतार वगै0

प्रार्थना पत्र संख्याः 37/2023

प्रार्थना पत्र दर्ज किया जाकर अप्रार्थीगण को रजिस्टर नोटिस जारी किये गये। अप्रार्थी संख्या 1 उपस्थित एवं शेष अप्रार्थीगण उपस्थित नही होने पर उनके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई।

बहस उपस्थित उभयपक्षकारान की प्रार्थना पत्र पर सुनी गई दौराने बहस प्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दौहराया एवं अंत में निवेदन किया कि वाके प्रार्थीगण की संयुक्त खातेदारी की कृषि भूमि ग्राम ग्वांर ब्राहम्णान, पटवार हलका, खेड़ी गोकुलपुरा, भूअभि निरीक्षण क्षेत्र शिकारपुरा, तहसील सांगानेर जिला जयपुर स्थित हैं जिसके खसरा नम्बर 351 रकबा 1.28 हेक्टेयर व खसरा नम्बर 368/1051 रकबा 0.08 हेक्टेयर का सीमाज्ञान के अनुसार पत्थरगढी किये जाने के आदेश फरमाने की कृपा करे।

बहस प्रार्थीगण अधिवक्ता एवं प्रार्थना पत्र का अवलोकन कराने पर प्रार्थी की ओर से पेश प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 भू-राजस्व अधिनियम स्वीकार किया जाता है तहसीलदार सांगानेर को आदेशित किया जाता है कि यदि किसी अन्य दिगर न्यायालय का स्थगन आदेश न हो तो प्रार्थीगण की वाके ग्राम ग्वांर ब्राहम्णान, पटवार हलका, खेड़ी गोकुलपुरा, भूअभि निरीक्षण क्षेत्र शिकारपुरा, तहसील सांगानेर जिला जयपुर स्थित हैं जिसके खसरा नम्बर 351 रकबा 1.28 हेक्टेयर व खसरा नम्बर 368/1051 रकबा 0.08 हेक्टेयर की प्रार्थीगण एवं अप्रार्थीगण सभी की उपस्थिति में तहसीलदार सांगानेर की सीमाज्ञान रिपोर्ट दिनांक 18/01/2023 के अनुसार पत्थरगढी की जावें। आदेश की पालना हेतु तहसीलदार सांगानेर को तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

Signature Not Verified

Digitally signed by Himmat Singh
Date: 2024.05.21 15:22:26 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
जयपुर द्वितीय (सांगानेर)